फुटबॉल स्टार

मैं पाउलो मार्सेलो फेलिसियानो हूं,
और जल्द ही मैं एक फुटबॉल स्टार बनूंगा,
फिर मैं अपनी बस्ती का नाम रोशन करूंगा.
मैं ब्राज़ील में हरेक घर का नाम रोशन करूंगा.

गरिन्चा, पेले और रोनाल्डो ने भी
इन्हीं बस्तियों में ही फुटबॉल खेलनी सीखी थी
एक दिन मैं भी फुटबाल का एक महान स्टार बनूँगा
क्योंकि मैं भी एक चैंपियन हूँ!

ब्राज़ील में कई बच्चों को आजीविका कमाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है. बचपन से ही यह गरीब बच्चे श्रम के महत्व को समझते है. तभी तो गरीबी के बावजूद ब्राज़ील ने दुनिया को कई फ़ुटबाल स्टार दिए हैं. यह कहानी उन गरीब बच्चों को सलाम करती है जो बहुत विषम परिस्थितियों के बाद भी सितारे बनते हैं और चमकते हैं.

मैं पाउलो मार्सेलो फेलिसियानो हूं,
और जब मैं एक फुटबॉल स्टार बनूंगा,
तब मेरी मां को लंबे घंटों तक काम नहीं
करना पड़ेगा और फिर वो मुझ से इतनी देर
के लिए दूर नहीं रहेगी.

पूरे दिन, मैं सेनहोर दा सिल्वा की
मछलियां पकड़ने में मदद करता हूं.

काम के बाद मैं उनके साथ फुटबॉल का
अभ्यास करता हूं.

रात में मेरी बहन, मारिया और मैं
पढ़ते-लिखते हैं और खेलते हैं.

मैं उसे फुटबाल के गुर सिखाता हूं;

वो मुझे स्कूल की गणित पढ़ाती है.

आज सुबह, माँ ने मुझे अपनी फ़ुटबॉल टीम के साथ
साझा करने के लिए खूब सारा खाना दिया.

आज शाम हमें काफी ऊर्जा की ज़रुरत होगी.

क्योंकि आज शाम समुद्र तट पर हमारा एक बड़ा मैच जो है!

मैंने कुछ पनीर के बन्स खाए और कुछ मारिया के लिए पैक किए.

फिर हम दरवाज़े से बाहर निकले और स्कूल की ओर दौड़े.

फ़ुटबाल खेलते हुए हम
आस-पड़ोस के घरों के सामने से गुज़रे.

मैंने मारिया की ओर बॉल किक की.
उसने वापस उसे मेरी तरफ मारा.

मैंने मारिया की ओर फिर से बॉल किक की.
पर इस बार उसने उसे अपने घुटने से रोका.

मैंने उसके छोटे कंधों से ऊपर बॉल मारी.
फिर मारिया ने एक बढ़िया साइकिल-किक मारी!

मारिया ने देखा कि मैं उससे बहुत प्रभावित हूं.

"तो क्या अब मैं तुम्हारी टीम में
शामिल हो सकती हूं?"

वो हर दिन मुझसे यही सवाल पूछती है.

लेकिन मेरा जवाब हमेशा एक ही होता है:

"नियम के अनुसार टीम में लड़कियां
शामिल नहीं हो सकती हैं."

मारिया उदास हो जाती है, फिर मैं उससे कहता हूं,

"आज हम अपने मैच के बाद
और ज़्यादा अभ्यास करेंगे, ठीक है?"

वो थोड़ा सा मुस्कुराती है, और अलविदा कहती है,

फिर मैं अपनी क्लास में चला जाता हूँ.

मैं कार्लोस की ओर फ़ुटबाल फेंकता हूँ
वो अपनी बहनों के साथ बैठकर जूते चमका रहा होता है.
मुझे पता है कि एक दिन, उसका फैंसी फुटवर्क
हमारे लिए शानदार गोल हासिल करेगा.

मैं अपने गोल-कीपर, जोस के लिए
एक बन छोड़ता हूं.

आज सुबह वो पर्यटकों के
मनोरंजन के लिए गोते लगा रहा है.

मुझे पता है कि एक दिन,
वह गेंद पकड़ने के लिए गोता मारेगा,

और फिर वो हमारी टीम को
सबसे ऊपर ले जाएगा.

मैं गिवो की ओर फुटबाल फेंकता हूँ
वो नाव के मेले में नर्तकियों की मदद करता है,
और तैरने वाले कार्निवल पर काम करता है.
मुझे पता है कि एक दिन, वो फ़ुटबाल के साथ नाचेगा
और सारे दर्शक उसकी चाल से खुश होंगे.

मैं नारियल के बगीचे में, पेड्रो की तरफ फ़ुटबाल फेंकता हूँ.
पेड्रो अभी एक पेड़ पर चढ़ रहा है.
मुझे पता है कि एक दिन, वो सफलता की चोटी पर पहुंचेगा
और हमारे लिए कई मैडल और ट्राफियां जीतेगा.

मैं पाउलो मार्सेलो फेलिसियानो हूं.
मैं अपनी टीम को, जीत के शिखर पर पहुंचाऊंगा,
और फिर भीड़ मेरे नाम को बार-बार पुकारेगी:
"कप्तान फेलिनो! स्टार!"

"फेलिनो! ज़रा जल्दी करो! देर मत करो,"
सेनहोर दा सिल्वा चिल्लाए.

हम समुद्र की ओर जा रहे हैं,
मैं ठीक समय पर
अपना जाल गहरे पानी में फेंकता हूँ.
ऊपर आकाश में
भयानक तूफान के बादल
तेजी से मंडरा रहे हैं.

मैं बार-बार जाल फेंकता हूँ.
मैं जाल में पकड़ी मछलियों
को इकट्ठा करता हूं.
सेनहोर दा सिल्वा और मैं आज रात के अपने
मैच की योजना पर चर्चा करते हैं. मैं आकाश
पर नजर रखे हूं और प्रार्थना करता हूं कि
शाम तक बादल गायब हो जाएं.

सेनहोर दा सिल्वा अंत में कहते हैं, "फेलिनो, आज मछली पकड़ने का काम अब पूरा हुआ है."

भूरे बादल अचानक समुद्र तट से बहुत दूर चले जाते हैं.

हम नाव को किनारे पर लाते हैं. मेरी टीम के सदस्य मदद करने के लिए वहां पहले से ही मौजूद है.

हम अपने मैच की योजना बनाते हैं और अभ्यास करते हैं.

जोस उड़ेगा,

गिवो उछलेगा,

कार्लोस ज़ोर की किक मारेगा,

पेड्रो शूट करेगा,

और फेलिनो स्कोर करेगा!

तभी मारिया, कार्लोस की दो बहनों के साथ वहां पहुंचती है.
टीम के सदस्य भी वहां आते हैं.

मेरी बहन मेरे साथियों से पूछती है,
"क्या मैं तुम्हारी टीम में खेल सकती हूं?"
"वो सचमुच बहुत अच्छा खेलती है!" मैं मुस्कराकर कहता हूं,
यह सुनकर कार्लोस की बहनें खुश होती हैं.
लेकिन लड़के एक-साथ "न" कहते हैं.
"इस बार नहीं," मैं मारिया से कहता हूं.

खेल शुरू होता है. दूसरी टीम तेज़ी से आक्रमण करती है.
जोस ऊपर कूदता है - धड़ाम!

वो ज़मीन पर अपनी कलाई के बल गिरता है.
मैं दौड़कर उसके पास जाता हूं.
सेनहोर दा सिल्वा कहते हैं, "उसकी कलाई टूटी नहीं है,"
"लेकिन मुझे लगता है कि जोस को आराम करना चाहिए."
अब गिवो गोल-कीपर बन जाता है,
हमारी टीम में अब एक खिलाड़ी की कमी है.

"मारिया?" मैं अपनी टीम से पूछता हूं.
गिवो "न" कहता है.
पेड्रो "हाँ" में वोट देता है.
और कार्लोस न "हाँ" कहता है और न ही "न".

अब निर्णय मुझ पर टिका है,
इस बार मेरा वोट बदलाव के लिए होगा.
मैंने अपनी बहन की ओर मुंह करके कहा,
"आओ!" फिर मारिया मैदान में दौड़ती है.

मारिया पूरे मैदान में दौड़ती हैं.

वो पेड्रो की ओर फुटबाल को सिर से मारती है,
वो कार्लोस की ओर बॉल घुटने से मारती है,

और जब बॉल हवा में उड़ती है,

उसके छोटे कंधों के सामने से,

तब मारिया अपनी मशहूर साइकिल-किक मारती है!

और एक गोल दागती है!

मैं पाउलो मार्सेलो फेलिसियानो हूं,

इस टीम के कप्तान.

कोई भी तूफान, खिलाड़ी की चोट, या बेकार के
पुराने नियम हमें जीत से रोक नहीं सकते.

हमारे प्रशंसक एक दिन हमें "स्टार" कहेंगे.

और हम ब्राजील के हर घर को रोशन करेंगे.

अंत